Schedule XLII-High Court (J) 19[old (M)164]

अनुमन्डल न्यायालय–असैनिक न्यायाधीश (वरीय कोटि) बनमनखी, पूर्णियाँ, बिहार

समक्ष– सतीश मणि त्रिपाठी (बिहार न्यायिक सेवा)

स्वत्व वाद सं.– 327/1998 सी.आई.एस.क्र.– 327/1998

देवनारायण राय बनाम मसोमात उत्तम देवी एवं अन्य

Order date	Order with signature of the Court	Office action taken
02.01.2026	वादी की ओर से देवनंदन राय की हाजरी है। प्रतिवादीगण की कोई पैरवी नहीं है। यह वाद वादी की ओर से प्रस्तुत आवेदन दिनांक 12.11.2025 पर आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन को संचालित कर वादी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा समर्पित किया गया है कि इस वाद के प्रतिवादी सं0 2 के द्वारा अत्यधिक जमीन को अंतरित किया गया है जिसका विवरण वाद पत्र में दिया जाना छूट गया है। अतः निवेदन है कि वाद पत्र में that the defendant No. 2....... for share एवं अनुतोष में संशोधन करने की अनुमति प्रदान करने की कृपा की जाये। प्रतिवादीगण की ओर से न तो प्रतिउत्तर प्रस्तुत किया गया है और ना ही प्रतिवादीगण सुनवाई हेतु उपस्थित हुये। वादी के विद्वान अधिवक्ता को सुना एवं अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख के अवलोकन से प्रतीत होता है कि वादी के द्वारा चाहा गया संशोधन सामान्य प्रकृति का है एवं उससे वाद की प्रकृति परिवर्तित नहीं होती है। अतः न्यायहित में वादी के आवेदन को **स्वीकृत** किया जाता है तथा वादी को निर्देश दिया जाता है कि वह नियत समय के भीतर वाद पत्र मे संशोधन करे। वाद आगामी दिनांक 08.01.2026 वास्ते अग्र कारवाई। हस्ताक्षर ह0/– अ.सै.न्यायाधीश वरीय कोटि बनमनखी, पूर्णियाँ	